अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , सोमवार,17 नवंबर 2025

PAGE NO IV : MIDDLE

# लग्जरी लाइफ के लिए कुछ भी कर सकती है अलाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस रिद्धिमा में पारिवारिक नाटक अलाना का हुआ मंचन

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा के प्रेक्षागृह में रविवार शाम नाटक अलाना का मंचन हुआ। नाटक में मुख्य पात्र अलाना नाम की महत्वाकांक्षी लड़की का है। वह लग्जरी लाइफ जीना चाहती है और इसके लिए वह कुछ भी कर सकती है। उसकी जिंदगी में 65 वर्षीय भास्कर नाम का एक व्यक्ति आता है, उसकी उम्मीद से ज्यादा अमीर है।



रिद्धिमा के प्रेक्षा गृह में नाटक अलाना का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

अलाना भास्कर से उसके घर पर मिल कर शादी का प्रस्ताव रखती है। भास्कर उसे अपनी उम्र और बीमारियों के बारे में बताता है, लेकिन अलाना उसे कहती कि उसे उसकी उम्र और बीमारी से मतलब नहीं है। वह चाहती कि वह अपनी ऊर्जा और भास्कर के अनुभव से बिजनेस को बहुत ऊंचाई तक ले जाए। शादी के बाद दोनों खुशहाल जीवन बिता रहे थे ,लेकिन अचानक अलाना की तबीयत खराब हो जाती है। जांच में उसको बोनमैरो की प्रॉब्लम का पता चलता है।

भास्कर अपना बोनमैरो टेस्ट करवाता है, उसका बोनमैरो मैच हो जाता है। भास्कर अलाना को बोनमैरो डोनेट कर देता है, लेकिन बोनमैरो डोनेट के दौरान गंभीर घाव होने से भास्कर की मृत्यु हो जाती है। उसके बाद अलाना सन्यास लेती है और 15 साल संन्यास में रहने बाद भी उसे शांति नहीं मिलती है। डॉ. शैलेन्द्र सिंह की कहानी पर आधारित नाटक का रूपांतर डॉ. प्रभाकर गुप्ता और अश्वनी कुमार ने और निर्देशन विनायक कुमार श्रीवास्तव ने किया है। नाटक में अलाना की भूमिका में हरीम फातिमा, भास्कर की गौरव कुमार, शीन की कविता तिवारी, डॉ. कपूर की ऋषिता राज, गुरु मां की साक्षी गोयल और सूत्रधार की अनमोल मिश्रा ने भूमिका निभाई। वायलिन पर सूर्यकांत चौधरी और कीबोर्ड पर अनुग्रह सिंह रहे जबकि साउंड का संचालन हर्ष गौड़ एवं प्रकाश ने किया।

इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।